# 1

अहाना और समायरा बहुत अच्छी दोस्त हैं, दोनों की उम्र 15 साल है।

अहाना एक अच्छी छात्रा है, उसके अच्छे नंबर आते हैं, और उसके शिक्षक भी उसे पसंद करते हैं। अहाना का सपना हैं की किसी दिन वह एम.ए. करेगी।

समायरा को स्कूल जाना पसंद नहीं है। वह एक साधारण छात्रा है। वह घर पर रहना या अपनी सहेलियों के साथ समय गुजारना पसंद करती हैं।

2

अहाना को तैयार होना पसंद हैं और वह अपने बाल और त्वचा की देखभाल रखती है। अहाना सही समय पर सही खाने के बारे में भी बहुत चिंतित होती हैं और जंक फूड टालती है। समायरा ने अपने बाल बहुत छोटे रखे हैं। उसे खेलना पसंद हैं फिर भले ही धूप हो या छाँव ।वह तली हुई चीजें और जंक फूड बहुत खाती है।

3

अहाना का परिवार बहुत धार्मिक है और सभी त्यौहार मनाते हैं। अहाना ने हाल ही में ऐसी कई किताबें पढ़ी हैं जिसके कारण वह सवाल कर रही है कि भगवान मौजूद हैं या नहीं। वह इस बात की समायरा के साथ चर्चा करती है जो अचंभित हो जाती है। समायरा दिन में कई बार पूजा करती है और भगवान में बहुत विश्वास करती है।

# 4

अहाना को हाल ही में उसके पीरियड्स (मासिक) हुए हैं। उसकी माँ का घर में एक धार्मिक कार्यक्रम है और अहाना पूजा घर में रखी हुई खाने की चीज खाने के लिए अंदर चली जाती है। अहाना की माँ इस की वजह से उस पर बहुत नाराज होती हैं। उस को अगले कुछ दिनों के लिए अपने कमरे के बाहर जाने से मना कर दिया जाता है और उसे किताबों या किसी भी फोन/टीवी से दूर रखा जाता है।

# 5

अहाना के माता-पिता उसके लिए चिंतित हैं और वह निर्णय लेते हैं कि उसकी जल्दी से शादी कर देनी चाहिए। वह जैसे ही 16 साल की हो जाती है उसके माता पिता उसकी सगाई करने का निर्णय लेते हैं और तय करते हैं कि 18 साल होते ही उसकी शादी कर देंगे। अहाना अपनी स्थिति के बारे में समायरा को बताती है। समायरा कहती है कि वह खुशकिस्मत हैं कि बाकी लड़कियों के मुकाबले उसे जल्द ही पढ़ाई से छुटकारा मिल रहा है।

# 6

समायरा अहाना को बताती है कि उसकी एक बड़ी चचेरी बहन हैं (उसके ताउजी की बेटी) जो अपना बी.ए. और एम.ए. करने के लिए शहर गई थी। उसकी बहन ने भी शादी नहीं की, यहां तक कि वह घर भी वापस नहीं आयी। वह नजदीक शहर में काम कर रही हैं। वह अकेली रहती हैं और खुद के पैसे कमाती हैं। समायरा सोचती हैं कि उसकी बहन का शायद एक बॉयफ्रेंड भी होगा।

♂

# 1

करण और कबीर बहुत अच्छे दोस्त हैं, दोनों की उम्र 15 साल है। कबीर एक अच्छा छात्र हैं, उसके अच्छे नंबर आते हैं, और उसके शिक्षक भी उसे पसंद करते हैं। कबीर का एम.ए. करने के बाद अच्छी नौकरी करने का सपना हैं। करण को स्कूल जाना पसंद नही हैं। वह एक साधारण छात्र है। उसे घर पर रहना या अपने दोस्तों के साथ समय गुजारना पसंद हैं।

# 2

♂

कबीर को अच्छी तरह तैयार होना पसंद हैं और वह अपने बाल और पहनावट का बहुत ख्याल रखता है। कबीर सही समय पर सही खाने के बारे में भी बहुत सतर्क है और जंक फूड टालता हैं। करण अपने बदलते हुए शरीर के साथ असहज महसूस करता है और अपने पहनावट के बारे में बहुत बेफ़िक्र हैं। उसे लगता हैं कि कबीर की आदतें लड़कीनुमा हैं। करण को खाना पसंद हैं, खास तौर पर तली हुई चीजें और जंक फूड।

♂

# 3

कबीर का परिवार बहुत धार्मिक हैं और अपने सभी त्यौहार मनाते हैं। कबीर ने हाल ही में ऐसी कई किताबें पढ़ी हैं जिसके कारण वह सवाल कर रहा है कि भगवान मौजूद हैं या नहीं। वह इस पर करण के साथ चर्चा करता जो अचंभित रह जाता है। करण दिन में कई बार पूजा-पाठ करता हैं और भगवान में बहुत विश्वास करता है।

♂

# 4

कबीर को हाल ही में कुछ कामुक सपने आए। वह इसके बारे में सोचकर बहुत घबराया हुआ है और समझ नहीं पा रहा कि उसके साथ हो क्या रहा है। इस बात को लेकर कबीर ने अपने बड़े भाई से बात करने की कोशिश करी, लेकिन उसके भाई ने सुनते ही उसे बहुत डांटा। कबीर जब करण से मिला, वह बहुत उदास और मुरझाया था। करण उससे बात निकलवाता है और कबीर का अनुभव सुनकर उससे कहता है कि यह हमारी बढ़ती उम्र का एक साधारण हिस्सा है। लेकिन कबीर करण जो कुछ कह रहा है उस से सहमत नहीं है।

# 5

♂

करण के बड़े भाई की करण के साथ किशोरावस्था और हार्मोन्स की वजह से होने वाली यौन बदलावों के बारे में लंबी बातचीत हुई थी। करण का भाई 25 साल का है। वह शराब और सिगरेट पीता हैं, और उसकी अभी तक शादी भी नहीं हुई है। कबीर को लगता है कि शायद वह उन्हें गलत दिशा में ले जाने की कोशिश कर रहा है।

6

♂

वास्तव में करण का भाई एक स्थानीय व्यावसायिक हैं। उसने हाल ही में गाव में एक दुकान लगायी है और वह अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहता है। करण के भाई के बड़े सपने हैं और उसकी शादी होने में देरी हुई है क्योंकि वह पारिवारिक जिम्मेदारियों के बोझ के नीचे दबना नहीं चाहता है। उसका परिवार उस से शादी करने के लिए ज़बरदस्ती कर रहे हैं क्योंकि वे पोते चाहते हैं। करण के भाई को शादी करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। वह इस बारे में भी आश्वस्त है कि उसे सिर्फ एक बच्चा चाहिए, फिर वह लड़का हो या लड़की उसे कोई फर्क नही पड़ता है।